कोई चोर नही कहता कि उसने चोरी की है....बाबूलाल मरांडी

जांच का इंतजार करें ,नामी,बेमानी सब सामने आ जाएगा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज झारखंड विधानसभा में चंपाई सरकार के विश्वास प्रस्ताव के बाद मीडिया के बीच अपनी प्रतिक्रिया दी।

श्री मरांडी ने कहा हेमंत सरकार के लूट की जांच का इंतजार करें सब दूध का दूध पानी का पानी सामने आ जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिना कार्रवाई हुए कोई चोर नही बोलता कि उसने चोरी की है।
कहा कि जो चोरी करेगा उसे दंडित कराना जांच एजेंसियों का काम है। इसलिए भ्रष्टाचारी का कानून की नजर से बच पाना मुश्किल है।
कहा कि सुप्रीम कोर्ट,हाई कोर्ट जाने से वही होगा जो विधि सम्मत होगा।

श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को दुकान नही बनाती है। जो परिवार और पैसे की राजनीति करते हैं वे ही ऐसा बोलते हैं । आज सत्ताधारी विधायकों की पहरेदारी की जा रही।इससे स्पष्ट है कि सत्ता पक्ष में अंतर्विरोध है।

कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी निवर्तमान मुख्यमंत्री की भाषा विधानसभा में भी धमकी भरी है। ये चोरी के बाद सीनाजोरी की भाषा है ।
राज्य की जनता इनके चरित्र को पूरी तरह समझ चुकी है।

कहा कि भाजपा पर फंसाने का आरोप निराधार है। राज्य की जनता को पता है कि शिबू सोरेन को कांग्रेस के शासन में तिहाड़ जेल भेजा गया, मधु कोड़ा को जेल कांग्रेस ने भेजा